अक्षय पात्र एकीकृत रसोई का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

15 जुलाई, 2022 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुद्धोवाला देहरादून में अक्षय पात्र, फाउंडेशन, द हंस फाउंडेशन तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से 63वें केंद्रीकृत मिड-डे-मील किचन का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्कूलों के बच्चों को मिड-डे-मील पहुँचाने के लिये वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार, अक्षय पात्र फाउंडेशन एवं द हंस फाउंडेशन के सामूहिक प्रयासों से बच्चों को उच्च गुणवत्तायुक्त एवं पौष्टिक भोजन की शुरुआत हुई है। अभी इस मिड-डे-मील की शुरुआत 120 स्कूलों के 15 हज़ार से अधिक बच्चों के लिये की गई है।
- भविष्य में 500 से अधिक स्कूलों के 35 हज़ार से अधिक बच्चों के लिये केंद्रीकृत किचन के माध्यम से भोजन की व्यवस्था की जाएगी।
- अक्षय पात्र फाउंडेशन, द हंस फाउंडेशन तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से जो केंद्रीकृत किचन का शुभारंभ किया गया है, उसमें प्रधानमंत्री पोषण कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन परोसा जाएगा। राज्य में 5 लाख से अधिक बच्चों को सरकार द्वारा मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि हंस फाउंडेशन एवं अक्षय पात्र फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से राज्य में दूसरी एकीकृत रसोई की शुरुआत की गई है, इससे पहले गदरपुर में एकीकृत रसोई का संचालन शुरू कर दिया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/integrated-akshaya-patra-kitchen